# Share news: बाजार बंद होने के बाद दवा कंपनी ने दिया बड़ा अपडेट, शेयर पर रहेगी नजर

Indoco Remedies ने सोमवार को बाजार बंद होने के बाद जानकारी दी है कि यूएस ड्रग एंड फूड एडमिनिस्ट्रेशन (US FDA) ने कंपनी के हैदराबाद स्थित क्लिनिकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन, एनासिफर के लिए एक फॉर्म 483 जारी किया है.

*By Jomy Jos Pullokaran*
*March 10, 2025, 5:27:05 PM IST (Published)*




Indoco Remedies ने सोमवार को बाजार बंद होने के बाद जानकारी दी है कि यूएस ड्रग एंड फूड एडमिनिस्ट्रेशन (US FDA) ने कंपनी के हैदराबाद स्थित क्लिनिकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन, एनासिफर के लिए एक फॉर्म 483 जारी किया है. यूएस एफडीए के बायोरिसर्च मॉनिटरिंग प्रोग्राम (BIMO) और ऑफिस ऑफ स्टडी इंटीग्रिटी एंड सर्विलांस (OSIS) ने 3-7 मार्च 2025 तक फैसिलिटी की जांच की थी. इस जांच में में ग्राहकों द्वारा यूएस FDA को प्रस्तुत किए गए तीन Bioavailability & Bioequivalence (BA/BE) स्टडीज के क्लिनिकल और बायोएनालिटिकल दोनों फेज को शामिल किया गया.

इंडोको रेमेडीज लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर अदिति कारे पनंदीकर ने कहा "यह एक्सीलेंस की हमारी जर्नी में एक रोमांचक कदम है और लागू नियमों के प्रति हमारे पालन तथा अपने ग्राहकों को क्वलिटी सर्विसेज प्रदान करने में हाई स्टैंडर्ड को बनाए रखने की पुष्टि करता है." इंडोको एक पूरी तरह से इंटीग्रेटेड, रिसर्च-ओरिएंटेड दवा कंपनी है जिसकी वैश्विक उपस्थिति मजबूत है. कंपनी का टर्नओवर 212 मिलियन अमेरिकी डॉलर है और इसके कर्मचारियों की संख्या 6000 से ज़्यादा है.

**शेयर का प्रदर्शन**

कंपनी का शेयर सोमवार को 0.79 फीसदी की गिरावट के साथ 232.60 रुपये पर बंद हुआ. पिछले एक साल में कंपनी के शेयर में 30.50 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है.

**डिस्क्लेमर:** CNBC TV18 हिंदी/CNBC आवाज़ पर दी गई सलाह या विचार एक्सपर्ट/ब्रोकरेज फर्म के अपने निजी विचार हैं. वेबसाइट या मैनेजमेंट इसके लिए उत्तरदायी नहीं है. निवेश से पहले आप अपने वित्तीय सलाहकार यानी सर्टिफाइड एक्सपर्ट की राय जरूर लें.